अध्याय -9

गोपाल दास

दिए गए शब्दों के अर्थ लिखो-

फरमान- आदेश। नामुमकिन -असंभव। मुमकिन- संभव। फरमाइश -इच्छा। सेवक- दास। आत्म विश्वास - अपने ऊपर विश्वास।

बाएं हाथ का खेल - बहुत आसान काम। मोहलत -अवसर। इनायत -देना । नवाब -महाराजा। अन्नदाता- पालन पोषण करने वाला। हुकुम -आदेश। कॉल -वचन। निवेदन- विनती। माप- नापना।

सही गलत का निशान लगाओ-

1.एक बार महाराजा कृष्ण चंद्र को नवाब का फरमान मिला फरमान में केवल चांद तारों की संख्या का पता लगाना था। [×]

2. गोपाल दास ने कहा मुझे अपने मंत्री नियुक्त करें ।[√]

3.पृथ्वी मापक में तारों की संख्या बताई जाती है।[×]

4. गोपाल दास की आंखों में आत्मविश्वास झलक रहा था।[√]

5. गोपाल ने काम को पूरा करने के लिए पाँच साल का वक्त मांगा। [×]

6.गोपालदास ने नवाब से इनाम के रूप में बीस लाख तथा. 15 बैल गाड़ियों की मांग की ।[×]

किसने कहा किससे कहा-

Scanned with CamScanner

1. स्वामी इस सेवक के रहते आपको किस बात की चिंता है ।
उत्तर- गोपाल दास ने कहा महाराजा कृष्णचंद से।
2.दुनिया में ऐसा कोई काम नहीं जो आपके आर्शीवाद से यह दास न कर सके।
उत्तर- गोपाल दास ने कहा महाराजा कृष्णचंद से ।
3."करोगे तो मुमकिन भी हो जाएगा" ।
उत्तर- नवाब ने कहा कृष्णचंद्र से ।
4.शाब्बास! बताओ,मुझे -सही सही आंकड़े बताओ!
उत्तर- नवाब ने कहा गोपालदास से।
5." नामुमकिन ! मैं इन धागों की लंबाई मालूम नहीं कर सकता"।
उत्तर - नवाब ने कहा गोपाल दास से।

दिए गए मुहावरों का अर्थ लिखो-

क. बाएं हाथ का खेल - बहुत आसान ।
ख.भौचक्के रह जाना -अत्यधिक हैरान हो जाना ।
ग.नामुमकिन को मुमकिन करना -असंभव को संभव करना ।
घ.इस छोर से उस छोर तक -धरती के इस सिरे से उस सिरे तक ।
ड. दंग रह जाना- हैरान रह जाना ।
च.फूला -ना समाना बहुत प्रसन्न होना ।

दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो-

1.महाराजा कृष्णचंद को नवाब का क्या फरमान मिला?

Scanned with CamScanner

उत्तर - महाराजा कृष्णचंद को धरती के इस छोर से उस छोर तक और ऊपर से नीचे तक सही-सही नापने का तथा आकाश के तारों की संख्या पता करने का फरमान मिला था।

2.क्या कारण था कि महाराजा कृष्णचंद चिंता दिनों दिन बढ़ती जा रही थी?

उत्तर- नवाब के आदेश के कारण उनकी चिंता दिनों दिन बढ़ती जा रही थी, उनको समझ में नहीं आ रहा था कि वे नवाब की फरमाइश को कैसे पूरी करें।

3. गोपालदास ने अपने काम को पूरा करने के लिए कितने दिनों की मोहलत मांगी?

उत्तर -गोपालदास ने अपने काम को पूरा करने के लिए दस लाख रुपए तथा एक साल की मोहलत मांगी।

4. गोपाल दास की बात सुनकर नवाब ने क्या कहा?

उत्तर- गोपालदास की बात सुन कर नवाब ने कहा कि ना तो धागों की लंबाई नापी जा सकती है और ना ही भेड़ों के बाल गिने जा सकते हैं फिर भी तुमने अपना काम पूरा करके अपना वचन निभाया इसलिए यह रहे इनाम के रूप में तुम्हारे दस लाख रुपए।

5. गोपालदास ने नवाब द्वारा दी गई चुनौती को कैसे सुलझाया?

उत्तर गोपालदास ने नवाब द्वारा दी गई चुनौती को अपनी बुद्धिमानीऔर समझदारी से सुलझाया।

Scanned with CamScanner

दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द में उत्तर लिखो-

क. जो किया ना जा सके -असंभव ।

ख.जिस पर विश्वास न किया जा सके -अविश्वसनीय।

ग. जिसका वर्णन न किया जा सके -अवर्णनीय।

घ. हिंसा करने वाला -हिंसक।

ङ. तेज बुद्धि वाला -कुशाग्र बुद्धि

च. पृथ्वी की लंबाई चौड़ाई मापने वाला -पृथ्वी मापक।

छ. तारों की संख्या बताने वाला -तारागढ़।

ज. जो आसानी से मिल जाए -सुलभ ।

झ. बहुत कठिनाई से मिले -दुर्लभ।

ञ.जिस काम को करना जरूरी हो -अनिवार्य

इन शब्दों का पर्यायवाची शब्द लिखो -

रात, प्रकाश, युद्ध, गर्मी, मनुष्य ,दुख

क.रात - रात्रि, निशा,रजनी ,विभावरी।

ख.प्रकाश- ज्योति ,चमक, प्रभा ,छवि।

ग.युद्ध- लड़ाई ,संग्राम, संघर्ष,रण ।

घ.गर्मी -ताप,ग्रीष्म,उष्मा ।

ङ.मनुष्य - आदमी, जन,मानव,नर ।

च.दुख -कष्ट, पीड़ा ,व्यथा, वेदना ,संताप ।

विलोम शब्द लिखो -

क. रात- दिन ख.युद्ध -शांति ग.मनुष्य -राक्षस

. घ. प्रकाश -अंधेरा ङ.गर्मी- सर्दी च.दुख - सुख

Scanned with CamScanner